Bharat Temples

शिवजी तुम्हारे चरणों में यह बिनती है पलछिन छिनकी, Bhajans Bhakti Songs

शिवजी तुम्हारे चरणों में।
यह बिनती है पलछिन छिनकी,
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ॥चाहे बैरी सब संसार बने,
चाहे जीवन मुझ पर भार बने।
चाहे मौत गले का हार बने,
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥ चाहे अग्नि में मुझे जलना हो,
चाहे काँटों पे मुझे चलना हो।चाहे छोड़ के देश निकलना हो,
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥ मिलता है सच्चा सुख केवल,
शिवजी तुम्हारे चरणों में।
यह बिनती है पलछिन छिनकी.
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ॥चाहे संकट ने मुझे घेरा हो,
चाहे चारो और अँधेरा हो।पर मन नहीं डगमग मेरा हो,
रहे ध्यान तुम्हारे चारणों में ॥मिलता है सच्चा सुख केवल,
शिवजी तुम्हारे चरणों में।
यह बिनती है पलछिन छिनकी.
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ॥जिव्ह्या पर तेरा नाम रहे,
तेरा ध्यान सुबह और श्याम रहे।तेरी याद तो आंठो याम रहे,
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ॥मिलता है सच्चा सुख केवल,

शिवजी तुम्हारे चरणों में।
यह बिनती है पलछिन छिनकी.
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ॥चाहे बैरी सब संसार बने,
चाहे जीवन मुझ पर भार बने।
चाहे मौत गले का हार बने,
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ॥मिलता है सच्चा सुख केवल,
शिवजी तुम्हारे चरणों में।
यह बिनती है पलछिन छिनकी.
रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ॥

Source: https://www.bharattemples.com/milta-hai-sacha-sukh/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw